अनमोल वचन

"जीवन को असल में केवल वही जीते है जो मृत्यु को सहज स्वीकार कर सकते हैं।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 273 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

रविवार 21 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -39 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -29 डिग्री सेल्सियस

सूर्य अस्त(आज) -7:22
सूर्य उदय(कल) - 5:23

## संक्षिप्त न्यूज

### संयुक्त अरब अमीरात में नीट-यूजी-2026 की पुनर्परीक्षा आयोजित करेगी एनटीए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) रविवार को संयुक्त अरब अमीरात में नीट–यूजी–2026 की पुनर्परीक्षा आयोजित करेगी। यह परीक्षा तीन निर्धारित केंद्रों – दुबई के इंडियन हाई स्कूल, शारजाह के शारजाह इंडियन स्कूल और अबूधाबी के अबू धाबी इंडियन स्कूल में परम्परागत लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

दुबई में भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार सिवान ने प्रसार भारती को बताया कि वाणिज्य दूतावास ने एनटीए और दुबई, शारजाह और अबू धाबी के सहयोगी स्कूलों के साथ मिलकर सुचारू और सुरक्षित परीक्षा माहौल सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया है।

### दीपस्तंभ फाउंडेशन मनोबल ने किया 'यशोत्सव 2026' कार्यक्रम का आयोजन, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की सराहना

नई दिल्ली। दिल्ली में आज दीपस्तंभ फाउंडेशन मनोबल द्वारा 'यशोत्सव 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग, अनाथ, ट्रांसजेंडर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाले उन विद्यार्थियों का सम्मान किया गया, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, राज्य सेवा, खेल, शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में अध्ययन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यशोत्सव केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित हो रहे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध किया है कि सही अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी सपना असंभव नहीं होता।

मुख्यमंत्री ने दीपस्तंभ फाउंडेशन द्वारा सुलभ और सर्वसमावेशी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था वंचित वर्गों के युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, दिशा और नया जीवन देने का कार्य कर रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी पीएम-किसान योजना की 23वीं किस्त के रूप में 18 हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की



नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को हुगली जिले के तारकेश्वर में 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री–किसान योजना की 23वीं किस्त के रूप में 18 हजार 880 करोड़ रुपये जारी किए। इससे देशभर के 9 करोड़ 44 लाख से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। श्री मोदी ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ राज्य दिवस के भव्य समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने बंगाल के विकास के लिए अत्यंत तीव्र गति से कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह ऐतिहासिक 'पश्चिमबंग दिवस' पश्चिम बंगाल के विकास को प्रेरित करेगा।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय में सड़क परियोजना का उद्घाटन किया



मेघालय(एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को मेघालय में करीब 60 किलोमीटर लंबी जोवाई–नारतियांग–कडियाप–खंडुली सड़क परियोजना का उद्घाटन किया। नव विकास बैंक द्वारा लगभग 59 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से वित्त पोषित इस परियोजना का उद्घाटन पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले के वाहियाजेर मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में किया गया।

उद्घाटन के बाद, केंद्रीय वित्त मंत्री ने जोवाई स्थित कियांग नांगबाह सरकारी कॉलेज के छात्रों से बातचीत की और वाहियाजेर सेंटर में जमीनी स्तर की खेल गतिविधियों में शामिल युवा फुटबॉलरों से भी चर्चा की।

इस दौरान श्रीमती निर्मला सीता रामन ने नारतियांग स्थित श्री मां जयंती मंदिर और मोनोलिथ हेरिटेज साइट का भी दौरा किया। बाद में उन्होंने मेघालय के जीआई–टैग वाले उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले स्टालों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने स्थानीय किसानों और कारीगरों के साथ बातचीत की।

# मुंबई में बेस्ट बस कर्मचारियों की हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रही

मुंबई(एजेंसी)। मुंबई में बेस्ट बस कर्मचारियों की हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे पूरे शहर में सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बेस्ट के दो हजार 766 बसों के बेड़े में से केवल चार बसें ही चल रही थीं, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हुई।

बस सेवाएं लगभग पूरी तरह से बंद होने के कारण, यात्रियों को टैक्सी, ऑटो–रिक्शा, लोकल ट्रेन और परिवहन के अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ा। हड़ताल के पहले दिन कई यात्री बस स्टॉप पर फंसे रहे, जबकि आज कई लोगों ने यात्रा के वैकल्पिक इंतजाम किए और कुछ कर्मचारियों ने घर से काम करना चुना। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार एक हजार 937 ड्राइवरों में से केवल 26 और दो हजार 646 कंडक्टरों में से केवल नौ कंडक्टर ही ड्यूटी पर आये। महाराष्ट्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम के अंतर्गत संभावित कार्रवाई की चेतावनी के बावजूद, हड़ताली कर्मचारियों ने अपना आंदोलन जारी रखा है। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि जब तक उनकी प्रमुख मांगें पूरी नहीं हो जातीं, हड़ताल तब तक जारी रहेगी। इन मांगों में बेस्ट बजट का बृहन्मुंबई नगर निगम बजट में विलय और 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन शामिल है।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

# प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के पैतृक गांव पहाड़पुर पहुंचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा के मयूरभंज जिले स्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के पैतृक गांव पहाड़पुर पहुंचे। राष्ट्रपति मुर्मु अपने 68वें जन्मदिन के अवसर पर गांव में मौजूद हैं। प्रधानमंत्री के आगमन पर ओडिशा के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने उनका स्वागत किया।

राष्ट्रपति मुर्मु के साथ प्रधानमंत्री ने संथाली जहेरा, गोशानी पीठ और हो जहेरा जैसे पवित्र स्थलों पर पूजा-अर्चना की। उन्होंने गांव के कौशल विकास केंद्र और पहाड़पुर स्कूल का भी दौरा किया तथा कौशल विकास केंद्र में विद्यार्थियों से बातचीत की।

कुछ समय बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ओडिशा सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर रायरंगपुर में आयोजित एक प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर ऊर्जा, परिवहन, औद्योगिक ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई और पेयजल से जुड़ी 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# कोल्हापुर में गृह मंत्री अमित शाह ने
## श्री अंबाबाई मंदिर विकास परियोजना का उद्घाटन किया



**कोल्हापुर(एजेंसी)।** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कोल्हापुर में 14 हजार 45 करोड़ रुपये से अधिक की श्री अंबाबाई मंदिर विकास परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि ऐतिहासिक शहर करवीर में स्थित श्री अंबाबाई मंदिर, देश भर के श्रद्धालुओं की आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस परियोजना से श्री अंबाबाई मंदिर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को भी संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने इस परियोजना के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी और कोल्हापुर को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले बारह वर्षों में विकास, सांस्कृतिक पुनरुद्धार, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक मान्यता के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि ये वर्ष, देश के इतिहास में परिवर्तनकारी विकास के कालखंड के रूप में याद किए जाएंगे।

भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, श्री शाह ने कहा कि देश भर में महत्वपूर्ण धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास और संरक्षण के लिए कई पहलें की गई हैं। उन्होंने कहा कि अंबाबाई मंदिर विकास परियोजना से न केवल तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। श्री शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रभावी सीमा प्रबंधन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अवैध घुसपैठ को रोकने के प्रयास दृढ़ संकल्प के साथ जारी रहेंगे।

# ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद किया



**ईरान(एजेंसी)।** ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने शनिवार को घोषणा की कि होर्मुज जल-डमरू-मध्य को फिर से बंद कर दिया गया है। लेबनान पर इजराइल की सैन्य कार्रवाई जारी रहने का हवाला देते हुए यह फैसला किया गया है। ईरान ने कहा है कि यह संघर्ष खत्म करने की प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने में अमरीका विफल रहा है और इससे उस पर विश्वास कम हुआ है।

सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित बयान में संयुक्त सैन्य कमान ने चेतावनी दी कि यदि इजराइल के हमले जारी रहे तो और उपाय किए जाएंगे।

यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब इस सप्ताह के शुरू में अमरीका और ईरान के बीच अंतरिम समझौते के बाद होर्मुज के रास्ते वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही फिर शुरू हो गई थी।

इस बीच, दक्षिणी लेबनान पर इजराइल के हवाई हमलों में दो बच्चों सहित कम से कम 16 लोग मारे गए। संघर्ष विराम समझौते की खबरों के कुछ घंटे बाद ही ये हमले हुए। लेबनान की राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी ने बताया कि हमलों में नाबतियेह शहर और पडोस के कई गावों को निशाना बनाया गया। माना जा रहा है कि कम से कम सात लोग मलबे में दबे हैं।

# बांग्लादेश में हिंदू समुदाय ने भगवान राम की तस्वीर के कथित अपमान के विरोध में प्रदर्शन किया



**बांग्लादेश(एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और विभिन्न सनातनी संगठनों ने ढाका के शाहबाग क्षेत्र में मानव श्रृंखला, विरोध रैली और मशाल जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने भगवान राम की तस्वीर के कथित अपमान और सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी, मंदिरों की सुरक्षा और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की मांग की। इस दौरान ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी विरोध प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को देशव्यापी रूप दिया जा सकता है।

# एवियन इन्फ्लूएंजा-एच-5एन1 वायरस के किसी भी संभावित प्रसार के लिए पूरी तरह तैयारः न्यूजीलैंड




**न्यूजीलैंड(एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने कहा है कि वह अत्यधिक खतरनाक एवियन इन्फ्लूएंजा-एच-5एन1 वायरस के किसी भी संभावित प्रसार के लिए पूरी तरह तैयार है। यह वायरस पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में एक जंगली समुद्री पक्षी में पाया गया है।

न्यूजीलैंड के बायोसिक्योरिटी और खाद्य सुरक्षा मंत्री ने कहा कि कई सरकारी एजेंसियों ने बीमारी के फैलने के जोखिम को कम करने के लिए निगरानी और तैयारी के उपाय बढ़ा दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में एक प्रवासी समुद्री पक्षी में इस वायरस की मौजूदगी की पुष्टि की है। पोल्ट्री में कोई मामला सामने नहीं आया है और न ही बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत हुई है।

इस बीच, एक दर्जन से ज़्यादा पक्षियों और जानवरों में एवियन इन्फ्लूएंजा पाये जाने के कारण नेपाल के केंद्रीय चिड़ियाघर को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। चिड़ियाघर के अधिकारियों ने कहा कि आगंतुकों और आम जनता की सेहत और सुरक्षा के लिए यह कदम जरूरी था।

एच-5 एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा-बर्ड फ्लू वायरस का एक सब-टाइप है जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है। यह वायरस इंसानों को भी संक्रमित कर सकता है। इंसानों में संक्रमण हल्के लक्षणों से लेकर गंभीर बीमारी तक हो सकता है और यह जानलेवा भी हो सकता है। आम लक्षणों में सांस लेने में दिक्कत, कंजंक्टिवाइटिस और सांस से संबंधित न होने वाले अन्य लक्षण भी इसमें शामिल हैं।

# विश्व बैंक ने जल संरक्षित हरियाणा परियोजना के लिए चार हजार करोड़ रूपये का ऋण स्वीकृत किया

**जीत समाचार हरियाणा(एजेंसी)।** विश्व बैंक ने जल संरक्षित हरियाणा परियोजना के लिए चार हजार करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। पांच हजार सात सौ 14 करोड़ रुपये की इस परियोजना का उद्देश्य हरियाणा को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। परियोजना के तहत राज्य के 48 लाख 94 हजार एकड क्षेत्र में 15 कलस्टर बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज चंडीगढ में जल संरक्षित हरियाणा परियोजना के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि अधिकारियों को व्यापक जल प्रबंधन योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।




अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन किया जाए ताकि प्रत्येक क्षेत्र तक पानी पहुंचे। उन्होंने उपचारित पानी के श्रेष्ठ उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद बचानी चाहिए और उसका सर्वश्रेष्ठ उपयोग किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पानी की उपलब्धता, बजटिंग और राज्यभर में उपयोग की सटीक निगरानी के लिए डिजिटल जल प्रबंधन प्रणाली के विकास का आह्वान किया।

# टोक्यो विश्वविद्यालय में गूंजा गीता का सार्वभौमिक संदेशः अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार का भव्य आयोजन




**जीत समाचार कुरूक्षेत्र।**

विश्व की प्राचीनतम ज्ञान परंपरा और आधुनिक वैश्विक चिंतन का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला, जब अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 के अंतर्गत विश्वप्रसिद्ध टोक्यो विश्वविद्यालय में 'अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत और जापान के बीच आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ।

## मुख्यमंत्री के संदेश ने जगाई प्रेरणा

इस गरिमामयी सेमिनार के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का विशेष वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा से निकले गीता के संदेश को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग के तनाव और संघर्षों के बीच श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान शांति, मानसिक संतुलन और मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## वैश्विक स्तर पर गीता का मार्गदर्शन

सेमिनार में भारत और जापान के प्रतिष्ठित दार्शनिकों, शिक्षाविदों, राजनायिकों और विद्यार्थियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि गीता किसी एक धर्म या संप्रदाय का ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की कला है। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने संबोधन में गीता के शनिष्काम कर्मयोगश को आज के दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

## भारत-जापान के बीच बढ़ती सांस्कृतिक साझेदारी

कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और जापान के साझा मूल्योंकृजैसे कर्तव्यपरायणता, अनुशासन और शांतिकृको गीता के दर्शन से और अधिक मजबूती मिल रही है। टोक्यो विश्वविद्यालय में आयोजित यह सेमिनार महज एक अकादमिक चर्चा न होकर, विश्व शांति के प्रति दोनों देशों की साझा निष्ठा का प्रतीक बन गया है।

गौरतलब है कि पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव–2026 के दौरान जापान में विभिन्न कार्यक्रमों, गीता पाठ और सांस्कृतिक प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है, जो भारत की गौरवशाली संस्कृति को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com रविवार, 21 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### एक धीमा जहर और तस्करी का जाल "चिट्टा"

आज के दौर में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

**तस्करी का संगठित जाल**

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना 'कूरियर' बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

**युवाओं पर प्रभाव**

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

**चुनौती और समाधान**

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।

नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

**निष्कर्ष**

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार




जय श्री गणेश

## जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिऐ आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.

**दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय**

bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 21 जून 2026, रविवार

### आज का राशिफल

**आज का पंचांग**

तिथि : सप्तमी 03:23 नक्षत्र : पूर्वाफाल्गुनी करण : वणिज, 03:23 विष्टि : 03:27 पक्ष :शुक्ल पक्ष योग : सिद्धि 11:20 चन्द्रमा : सिंह 03:40 राहुकाल 05:37 – 07:21 विक्रमी संवत् : 2083 शक सम्वत:1948 मास अमांतः ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत :ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त :अभीजित 11:54 – 12:50

**मेष राशिः** आप एक नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। आप व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रति उत्साही और आश्वस्त हैं, अतः आप भविष्य में पूर्ण सफलता प्राप्त कर पायेंगे। यदि कोई कानूनी मामला लंबित है, तो अदालती मामलों में सफलता का संकेत मिलता है.

**वृष राशिः** आज आप में से कुछ की रचनात्मकता चरम पर होगी, लेकिन वित्तीय दबाव हो सकता है। धन संबंधी मामलों को समझदारी से निपटाया जाना चाहिए। व्यावसायिक सन्दर्भ में आप अपने लाभ के लिए संपत्ति का उपयोग किसी रचनात्मक कार्य के लिए कर सकते हैं.

**मिथुन राशिः** अच्छे व्यावसायिक अवसर आपके व्यवसाय को बढ़ाने और विस्तृत करने में अति सहायक सिद्ध होंगे। आप नए क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार होंगे। उद्यमी अच्छा करेंगे। आर्थिक रूप से आप सुरक्षित रहेंगे और संपत्ति में निवेश कर सकते हैं.

**कर्क राशि :** आज का दिन भाग-दौड़ वाला हो सकता है। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होंगे और आपका उत्साह आपको साहस एव बल प्रदान करेगा जिसके फलस्वरूप आप व्यावसायिक स्थितियों को अपने पक्ष में मोड़ पाएंगें.

**सिंह राशि :** आर्थिक रूप से आप अच्छा करेंगे और कुछ महंगी वस्तुओं की खरीदारी भी कर सकते हैं। भूमि में निवेश भी संभव है। व्यावसायिक रूप से दिन शुभ है। जिस प्रोजेक्ट और असाइनमेंट पर आप वर्तमान में काम कर रहे हैं, वह भविष्य में नई संभावनाओं को खोल सकता हैं.

**कन्या राशि :** विदेशी संपर्क वाले लोग आज व्यावसायिक गतिविधि में उतार-चढ़ाव अनुभव कर सकते हैं। यदि आप प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी तलाश कर रहें है, तो कफी मेहनत कीजिए क्योंकि सफलता आपसे बस एक हाथ दूर है। आय यथावत रहेगी.

**तुला राशि :** व्यवसाय में उन लोगों के लिए यह एक अनुकूल अवधि है और आप एक नयी साझेदारी में प्रवेश कर रहें हैं। व्यावसायिक और आर्थिक परियोजनाएं उचित विचार और परिश्रम के बाद ही पूर्ण और संपन्न होंगीं.

**वृश्चिक राशि :** आय अच्छी रहेगी, किन्तु बेकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाना श्रेयकर रहेगा। आपको अपने करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अथक परिश्रम उपरांत आप स्थितियों पर काबू पा पाएंगें.

**धनु राशि :** व्यावसायिक रूप से आज का दिन शुभ रहेगा। पदोन्नति या व्यावसायिक बेहतरी का प्रबल संकेत है। आपको लंबे समय से पोषित सपने एव परियोजना पर काम करने का अवसर मिल सकता है। व्यावसायिक गतिविधि में तेजी संभव है.

**मकर राशि :** किस्मत आपका साथ देगी और महत्वाकांक्षी परियोजनाएं गतिशील हो सकती हैं। नए क्षेत्र में उद्यम करते समय अथवा नए सहयोगियों के साथ बातचीत करते हुए अपने शब्दों एवं विचारों का चयन खूब सोचकृसमझ कर कीजिए.

**कुम्भ राशि :** वित्तीय रूप से दिन शुभ है और कुछ महत्वपूर्ण लाभ प्राप्ति भी संभव है। उद्यमी और व्यवसायी एक नए संघ या साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। पेशेवर रूप से आप लोकप्रियता और प्रशंसा हासिल करेंगें.

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए बहुत उत्साहजनक नहीं है। आज कार्यों में देरी और बाधाएं प्रबल होंगी। हालांकि पारिवारिक सहयोग रहेगा और आर्थिक रूप से आप ठीक करेंगे.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देंगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।

9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# AAP का मिशन हिमाचल 2027: बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार, केजरीवाल मॉडल घर-घर पहुंचाएंगे

## चंडीगढ़ में मनीष सिसोदिया ने दी 'लीडरशिप ट्रेनिंग', बोले- जनता बदलाव को तैयार

**दिल्ली-पंजाब मॉडल की तर्ज पर हिमाचल में फ्री बिजली, शिक्षा-स्वास्थ्य का वादा**






**चंडीगढ़: कमल पवार**

2027 हिमाचल विधानसभा चुनाव की तैयारी में आम आदमी पार्टी ने बिगुल फूंक दिया है। AAP के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने शनिवार को चंडीगढ़ में हिमाचल के सैकड़ों नेताओं को 'लीडरशिप ट्रेनिंग' दी।

**मनीष सिसोदिया का बयान:**

"हिमाचल की जनता पारंपरिक दलों के झूठे वादों से तंग आ चुकी है। लोग अब शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली और रोजगार पर राजनीति चाहते हैं। दिल्ली-पंजाब की तरह हिमाचल में भी ईमानदार और काम करने वाली सरकार बन सकती है। हर कार्यकर्ता जनता से सीधा संवाद करे।

### ट्रेनिंग सेशन के 4 बड़े एजेंडे:

1. **बूथ स्तर तक संगठन:** हर बूथ पर 10 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। ग्राम स्तर पर पुनर्गठन अगले 3 महीने में पूरा होगा।
2. **केजरीवाल मॉडल का प्रचार:** दिल्ली-पंजाब की तरह हिमाचल में भी मुफ्त बिजली, पानी, बेहतर स्कूल-अस्पताल का वादा घर-घर पहुंचेगा।
3. **सोशल मीडिया वार:** नेताओं को डिजिटल कैंपेन, रील्स, लोकल मुद्दों को उठाने के गुर सिखाए गए।
4. **जन-संवाद कार्यक्रम:** पहाड़ी क्षेत्रों के लोकल मुद्दे – सड़क, सेब-बागवानी, बेरोजगारी पर बड़े स्तर पर अभियान चलेगा।

**प्रदेश प्रवक्ता काली दास बोले:**

2027 में हिमाचल में केजरीवाल मॉडल स्थापित होगा। ईमानदार राजनीति और मजबूत संगठन के दम पर AAP विकल्प बनेगी। "

**AAP का गेमप्लान:**

- **ग्राउंड कनेक्ट:** हर विधानसभा में 'आप का विधायक, आप के द्वार' कैंपेन।
- **लोकल मुद्दे:** सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी, मनरेगा पेमेंट, NH प्रोजेक्ट में देरी को उठाएंगे।
- **यूथ फोकस:** बेरोजगारी के खिलाफ 'रोजगार गारंटी यात्रा' प्लान।

**बैकग्राउंड:**
2022 हिमाचल चुनाव में AAP को 1.1% वोट मिले थे, कोई सीट नहीं जीती। लेकिन पंजाब में सरकार बनने के बाद पार्टी हिमाचल में कैडर बढ़ा रही है। सिसोदिया को हिमाचल का प्रभारी दिया गया है।




दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

HOLIDAYS जीत समाचार

पंजाब के सरकारी कर्मचारियों के लिए
**एक अहम खबर**
आई है।

राज्य में
**सोमवार, 29 जून**
को सरकारी छुट्टी रहेगी।

इस मौके पर पूरे पंजाब में सरकारी दफ्तरों, बोर्ड और निगमों में कामकाज बंद रहेगा।

जीत समाचार

जीत समाचार
सच की जीत, जनता की आवाज़
लुधियाना
21 जून 2026 | रविवार
RNI: PUNHIN/2013/60106
फोन: 8878400009

## लुधियाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: डौनी बल्ल-अर्श बग्गा गैंग के 2 शूटर दबोचे

**2 पिस्टल, 9 कारतूस, बाइक बरामद | कारोबारी पर हमले की साजिश नाकाम**

**लुधियाना (अरुण कुमार)**
कमिश्नरेट पुलिस ने विदेश में बैठे गैंगस्टर डौनी बल्ल और अर्श बगगा के 2 शूटरों को गिरफ्तार कर बड़ी वारदात टाल दी। ACP सिविल लाइन सरबजीत सिंह चीमा ने बताया कि दोनों कारोबारी पर हमला करने वाले थे।

**कैसे हुए गिरफ्तार:**

1. **सुखविंदर सिंह उर्फ नीला:** 16 जून को कॉलोनी नंबर 6 से पकड़ा। 1 पिस्टल + 3 जिंदा कारतूस मिले।
2. **राजवीर सिंह उर्फ राजी:** नीला से पूछताछ के बाद अयाली चौक से दबोचा। 1 पिस्टल + 6 कारतूस + बाइक बरामद।



**पुलिस का खुलासा:**
थाना डिवीजन-5 के प्रभारी हमराज सिंह को इनपुट मिला था कि डौनी बल्ल और अर्श बग्गा अपने गुर्गों से पंजाब समेत दूसरे राज्यों में फिरौती, लुटपाट करवा रहे हैं। दोनों शूटर टारगेट किलिंग की फिराक में थे।

**कुल बरामदगी:**
- 2 पिस्टल
- 9 जिंदा कारतूस
- 1 मोटरसाइकिल

**आगे क्या:**
दोनों पर आर्म्स एक्ट + साजिश की धाराएं लगीं। रिमांड पर लेकर विदेशी लिंक और टारगेट की पूछताछ होगी।

# 'मिशन क्लीन पंजाब' पर सवाल: नगर निगम की गाड़ियां ही फैला रहीं गंदगी, कमिश्नर ने लिया सख्त संज्ञान

**ओवरलोड कूड़ा गाड़ियों से सड़कों पर गिर रहा कचरा, कार्रवाई की चेतावनी**

**लुधियाना, 20 जून (विक्की कुमार)**

शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए चलाए जा रहे 'मिशन क्लीन पंजाब' के बीच नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां ही सड़कों पर गंदगी और बिना ढके कूड़ा ले जाने के कारण काला कीचड़ और गीला कचरा रास्तों में गिर रहा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना पड़ रहा है।

### कमिश्नर ने अपनाया सख्त रूख

इस मुद्दे को सामने आने के बाद नगर निगम कमिश्नर ओजसवी अलंकार ने सख्त रूख अपनाया। उन्होंने कहा कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही कूड़ा गाड़ियों के ड्राइवरों व ठेकेदारों की बैठक बुलाकर सख्त हिदायतें दी जाएंगी।

कमिश्नर ने स्पष्ट कहा कि अब किसी भी गाड़ी को खुला या गिरता हुआ कूड़ा लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी गाड़ियों में कूड़े को तिरपाल से ढकना अनिवार्य किया जाएगा। अगर संबंधित कर्मचारियों और ठेकेदारों के खिलाफ FIR के साथ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।



नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां ही सड़कों पर गंदगी फैलाती नजर आ रही हैं।





### सड़कों पर गिरता कचरा और गंदा पानी न केवल बदबू और बीमारियों का कारण बन रहा है

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर गिरता कचरा और गंदा पानी न केवल बदबू और बीमरियों का कारण बन रहा है, लल्कि फिसालन के चलते हादसों का खतरा भी बढ़ा रहा है। ऐसे में लोगों ने नगर निगम से सख्त ग्गिरानी ओंर तिमगित जांच की मांग की है।

### कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा

- सभी कूड़ा गाड़ियों में तिरपाल से ढकना अनिवार्य
- ओवरलोड और खुला कूड़ा ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित
- नियमों की अनदेखी करने वालों पर होगी FIR और विभागीय कार्रवाई
- साफ-सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**मिशन क्लीन पंजाब**
हमारा शहर, हमारी जिम्मेदारी

अब देखना यह होगा कि 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत अभियान सें बवान्ते को सफल बनाने के लिए निगम प्रशासन इस लापरवाही पर कितनी सख्ती से अंकुश लगा पाता है।

स्वच्छ लुधियाना स्वस्थ लुधियाना







# केसीसी बैंक की टिक्कर खातरियां शाखा ने चलाया जागरूकता अभियान




**जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरों)।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की टिक्कर खातरियां शाखा ने आम लोगों को बैंक की विभिन्न ऋण एवं जमा योजनाओं, पेंशन एवं बीमा योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग से अवगत करवाने तथा डिजिटल ठगी से बचाव के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से नाबार्ड के सहयोग से जागरुकता अभियान आरंभ किया है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत टिक्कर बुहला के गांव घलेड़ा में भी वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान शाखा के प्रबंधक मोहिंद्र चौहान और अन्य अधिकारियों ने गांववासियों को विभिन्न बैंकिंग प्रक्रियाओं, ऋण योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, बीमा योजनाओं, पेंशन योजना और अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान बैंक के अधिकारियों ने लोगों को डिजिटल बैंकिंग की जानकारी भी दी तथा डिजिटल ठगी से बचाव के उपाय बताए।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंचायत प्रधान बबिता कुमारी, उपप्रधान मनोज कुमार, जगदीश चंद, दिनेश कुमार और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक ने इस सप्ताह अन्य स्थानों पर भी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति कंजयाण और कृषि सहकारी सभा सिकांदर में आयोजित जागरुकता कार्यक्रमों में उक्त सहकारी सभाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों को कंप्यूटरीकरण के लाभ तथा इसके माध्यम से सहकारी सभाओं के कार्यों में आने वाली दक्षता और पारदर्शिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# चंबा में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत के बाद श्मशान में एक साथ जलीं 7 चिताएं

**जीत समाचार चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना के घाव अभी भर भी नहीं पाए थे कि सोमवार को श्मशान घाट का दृश्य देखकर पूरे इलाके की रूह कांप गई। मसरूंड–मेहल मार्ग पर हुई उस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक ही परिवार के सात सदस्यों का अंतिम संस्कार जब एक साथ किया गया, तो वहां मौजूद हर व्यक्ति फफक कर रो पड़ा।



**हृदयविदारक दृश्य**

श्मशान घाट पर एक साथ सजी सात चिताओं ने पूरे चंबा जिले को झकझोर कर रख दिया है। जिस घर से कभी खुशियों की आवाजें आती थीं, वहां अब सन्नाटा पसरा है। अंतिम संस्कार के दौरान जब सात चिताओं को एक साथ मुखाग्नि दी गई, तो वहां मौजूद ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों की आंखें भी नम हो गईं। पूरा क्षेत्र गहरे सदमे में है और हर जुबां पर बस यही बात है कि कुदरत का यह कैसा क्रूर मजाक है।

**क्या था पूरा मामला?**

बीते दिनों मसरूंड–मेहल मार्ग पर एक दुखद सड़क हादसा हुआ था, जिसमें एक ही परिवार के सात लोग काल के गाल में समा गए। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परिवार के अधिकांश सदस्य मौके पर ही दम तोड़ गए। घटना की खबर सुनते ही पूरे चंबा में शोक की लहर दौड़ गई थी।

**प्रशासन और जनमानस में शोक**

इस दुखद घड़ी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। लोगों का कहना है कि चंबा ने ऐसा मंजर शायद ही पहले कभी देखा होगा, जहां एक साथ एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां विदा हो गईं।

इस हादसे ने न केवल एक परिवार को तबाह कर दिया है, बल्कि सड़क सुरक्षा के दावों पर भी कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने अब सरकार और प्रशासन से इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान करने की मांग की है।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

# योग दिवस के कार्यक्रम के बाद जोल सप्पड़ में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग द्वारा रविवार सुबह अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री रविवार सुबह करीब सवा छह बजे हमीरपुर पहुंचेंगे और अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में योगाभ्यास सत्र में भाग लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ आयुष, विधि, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा और अन्य गणमान्य अतिथियों सहित लगभग दो हजार लोग योगाभ्यास करेंगे।

योगाभ्यास सत्र में भाग लेने के बाद मुख्यमंत्री जोल सप्पड़ में निर्माणाधीन डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज के नए परिसर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर करीब साढे बारह बजे शिमला लौट जाएंगे।

उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए आयुष विभाग और जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने हमीरपुरवासियों से रविवार सुबह इस योगाभ्यास सत्र में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उपायुक्त ने जिला के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए हैं।

# कांगड़ाः बाल विकास परियोजना कार्यालय में 31 पदों पर होगी भर्ती, आवेदन आमंत्रित

जीत समाचार कांगड़ा(ब्यूरो)। 20 जून 2026

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय ने आंगनवाड़ी और क्रैच केंद्रों में खाली पड़े 31 पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इन पदों के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार निर्धारित तिथियों तक अपने आवेदन जमा करवा सकती हैं।

**रिक्त पदों का विवरण**

**विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत रिक्त पदों की जानकारी निम्नलिखित है**

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता 6 पद (घुरकड़ी, कंजेहड, कन्दरेहड, इच्छी, त्रियांगु, सननी और अप्पर राजियाना–3)

आंगनवाड़ी सहायिका 16 पद (जमानाबाद, अंसोली–2, पटराकर, खास तियारा, तरसुह, डूगा बाजार, बाल्मीकि मोहल्ला–1, गाहलियां–1, बांध–1, रसूह, चेलियां, चकवन लंज, पठियार, बासी, लोअर चतरेटा, मैरा–1)

क्रैच कार्यकर्ता 5 पद (एसडीएम कोर्ट, अपर बीरता, मटौर–1, पुराना कांगड़ा–2, कन्दरेहड–2)

क्रैच सहायिका 4 पद (एसडीएम कोर्ट, अपर बीरता, पुराना कांगड़ा–2, कंदरेहड–2)

महत्वपूर्ण तिथियाँ और साक्षात्कार

अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि विभिन्न पदों के लिए आवेदन करने और साक्षात्कार की तिथियाँ अलग–अलग निर्धारित की गई हैं

पद का प्रकार आवेदन की अंतिम तिथि साक्षात्कार की तिथि

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका 10 जुलाई 2026 18 जुलाई 2026

क्रैच केंद्र (कार्यकर्ता/सहायिका) 15 जुलाई 2026 –

अप्पर राजियाना (कार्यकर्ता) 14 जुलाई 2026

साक्षात्कार का समयः सभी साक्षात्कार बाल विकास परियोजना कार्यालय, कांगड़ा में सुबह 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे।

**आवश्यक निर्देश**

इच्छुक महिला अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में कार्य दिवस के दौरान जमा करवा सकती हैं। पदों की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों और भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार किसी भी कार्य दिवस में बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, कांगड़ा में संपर्क कर सकते हैं।

# नेपाल से डिलीवरी करवाने शिमला आई महिला, एंबुलेंस में दो दिन सफर कर पहुंची कमला नेहरू अस्पताल




जीत समाचार शिमला। राजधानी शिमला का कमला नेहरू अस्पताल हिमाचल में ही नहीं दूसरे देशों में भी प्रसिद्ध है। इसका सबसे बड़ा उदहारण शुक्रवार को सामने आया। कमला नेहरू अस्पताल में नेपाल से एक गर्भवती महिला नेपाल की ही एंबुलेंस से प्रसव करवाने पहुंची। वहीं अस्पताल प्रशासन ने भी इस महिला का प्रसव सुरक्षित तरीके से करवाया। हैरत इस बात की है कि नेपाल का बॉडर क्रॉस कर करीब दो दिन का सफर कर महिला को शिमला पहुंचाया गया। उसके बाद महिला का प्रसव करवाया गया। वहीं अस्पताल प्रशासन का कहना है कि जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित है और प्रसव में भी कोई परेशानी नहीं आई। हालांकि जब महिला अस्पताल पहुंची तो उसके करीब डेढ़ घंटे बाद साधारण प्रसव महिला का हुआ है।

चिकित्सकों का कहना है कि महिला प्री–एक्लेंप्सिया से पीडित थी। गर्भवती महिला के परिवारजनों का कहना है कि नेपाल में जिस अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था उन्होंने सलाह दी थी कि वह अच्छे अस्पताल में इनका प्रसव करवाएं। ऐसे में शिमला में रह रहे उनके पति ने शिमला में कमला नेहरू अस्पताल में आने को कहा। ऐसे में महिला को नेपाल की एंबुलेंस में ही शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में पहुंचाया गया।

क्या है प्री–एक्लेंप्सिया

प्री–एक्लेंप्सिया गर्भावस्था के दौरान होने वाली एक गंभीर चिकित्सीय स्थिति है, जिसमें गर्भवती महिला का रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर असामान्य रूप से बढ़ जाता है और शरीर के अन्य अंग, विशेषकर किडनी, लिवर और मस्तिष्क, प्रभावित हो सकते हैं। यह समस्या आमतौर पर गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद विकसित होती है।